आकाशवाणी शिमला

11.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवाचार से जुड़े युवाओं के समाधान को बताया देश के लिए महत्वपूर्ण।
- प्रदेश सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर बिलासपुर में भव्य समारोह आयोजित।
- मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा– सरकार के दो वर्ष उपलब्धियों से परिपूर्ण–6 नई योजनाओं का किया शुभारंभ।
- प्रदेश भाजपा ने राज्य सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल के विरोध में राज्यपाल को शिमला में सौंपा ज्ञापन।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– वर्तमान कांग्रेस सरकार के समय विकास कार्य हुए ठप्प–प्रदेश दिवालिएपन की कगार पर।

प्रधानमंत्री युवा नवाचारी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश बडे पैमाने पर डिजिटल रूप से जुड़ रहा है इसके साथ ही साइबर अपराध भी लगातार बढ़ रहे हैं। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 के ग्रैंड फिनाले में वीडियों कांफ्रेंस के जरिए युवा नवाचारकर्ताओं के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विश्व में अग्रणी डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। नवाचार से जुडे युवाओं की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन सभी लोगों के पास 21वीं सदी के भारत का अलग दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि इन युवाओं के समाधान देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है और लाखों लोगों के जीवन में बदलाव ला सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भी उन्हें नवाचार से जुडे युवाओं के साथ संपर्क का अवसर मिलता है वह हमेशा नई चीजों को सीखते और समझते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब देश नई चुनौतियों का सामना कर रहा होता है तो नवाचार से जुडे युवा आसाधारण समाधान प्रस्तुत करते हैं। नवाचारकर्ताओं के योगदान की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा इन लोगों ने हमें कभी निराश नहीं किया बल्कि हमेशा मनोबल बढाया है।

मुख्यमंत्री

प्रदेश सरकार का दो साल का कार्यकाल पूरा होने पर आज बिलासपुर के लुहणू मैदान में राज्यस्तरीय समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने छः नई योजनाओं का शुभारंभ किया और लाभार्थियों को वित्तीय लाभ वितरित किए। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के संसाधनों से समाज के सभी वर्गों का समान विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश की संपदा को लुटने नहीं देंगे और समाज के सभी वर्गों का समावेशी विकास सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्र सरकार के दबाव के बावजूद एक लाख 36 हजार कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े बदलाव कर रही है क्योंकि पूर्व भाजपा सरकार ने दोनों क्षेत्रों की कोई सुध नहीं ली थी। उन्होंने कहा कि केंद्र

सरकार हिमाचल के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है, लेकिन इसके बावजूद प्रदेश सरकार ने 2 हजार 2 सौ करोड़ रूपये का अतिरिक्त राजस्व एकत्रित किया है।

मुख्यमंत्री ने राज्य के सात जिलों में एक हजार 2 सौ 92 करोड़ रुपये की एचपी शिवा बागवानी विकास परियोजना का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने किन्नौर, लाहौल स्पीति, चम्बा और जिला सिरमौर के शिलाई के दुर्गम क्षेत्रों के लिए पांच मोबाइल आयुष स्वास्थ्य यूनिट को झंडी दिखाकर रवाना किया। समारोह में उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां, मंत्रिमण्डल के सदस्य, कांग्रेस के विधायक व पूर्व विधायक और अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे।

भाजपा ज्ञापन

इधर भाजपा ने प्रदेश की सुक्खू सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल के नेतृत्व में आज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भाजपा ने मुख्यमंत्री कार्यालय बना भ्रष्टाचार का अड्डा, दो साल में विकास ठप्प और मुख्यमंत्री पर गम्भीर आरोप लगाए हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार का दो वर्ष का ये कार्यकाल प्रदेश के इतिहास में काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार दो वर्ष के कार्यकाल में आकण्ठ भ्रष्टाचार डूबी रही और फिजूलखर्ची को बढ़ावा देकर प्रदेश को आर्थिक दिवालियेपन के कगार पर खड़ा कर दिया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के इस कार्यकाल में विकास कार्य ठप्प पड़े हैं और कानून व्यवस्था चरमरा गई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सुक्खू सरकार ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में अनेक हास्यास्पद निर्णय लेकर हिमाचल प्रदेश का देश ही नहीं बल्कि दुनिया में भी मजाक उड़ाया है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि मौजूदा कांग्रेस सरकार के जनविरोधी निर्णयों से प्रदेश के लोगों को परेशान किया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं में भी रोड़े अटकाने का सुक्खू सरकार ने काम किया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश की जनता को झूठी गारंटियां देकर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार अब गारंटियां पूरा होने की बात कर रही है जबकि इस सरकार ने अभी तक किसी भी गारंटी को पूरी तरह लागू नहीं किया है। इस दौरान प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, विधायक रणधीर शर्मा, त्रिलोक जम्वाल सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

<u>राजीव भारद्वाज</u>

कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से सांसद राजीव भारद्वाज ने कहा है कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार ने अपने दो साल के कार्यकाल में प्रदेश के युवाओं, किसानों, महिलाओं और दिव्यांगों सहित हर वर्ग को ठगा है। राजीव भारद्वाज ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने दो साल में ही हिमाचल को बदहाली के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है और ये सरकार हर मुद्दे पर फेल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की हालत बदहाल हो चुकी है और जनता दुखी है जबकि सरकार जश्न मना रही है। राजीव भारद्वाज ने जश्न मनाने के बजाए जनता के दुखों को समझते हुए प्रदेश के लोगों के हितों की रक्षा करने की मुख्यमंत्री को सलाह दी है।

सिकंदर कुमार

केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने बताया है कि कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत स्वायत संस्थान राष्ट्रीय उद्यमिता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान ने भारतीय उद्यमशीलता ईको सिस्टम का सहयोग करने के लिए मेटा के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। सांसद सिकंदर कुमार द्वारा राज्यसभा में डिजिटल कौशल संबंधी पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि मंत्रालय द्वारा विभिन्न लक्षित समूहों के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की गई है। जयंत चौधरी ने बताया कि केन्द्र के कुशल भारत मिशन के तहत विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हिमाचल सहित देशभर में समाज के सभी वर्गों को कौशल, पुर्नकौशल और कौशलोन्नयन प्रदान करना है। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने बताया कि पीएमकेवीवाई के तहत हिमाचल सहित देश भर में सूचना व प्रौद्योगिकी और सूचना प्रौद्योगिकी की सक्षम सेवाओं के क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण के लिए कुल 36 क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में 9 हजार 4 सौ 92 प्रशिक्षित उम्मीदवार शामिल हैं।